दिन–मंगलवार दिनांक– 23 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:20 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। विभिन्न गठबंधनों और राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। कल शाम इस चरण के लिए चुनाव–प्रचार का शोर थम जाएगा। दूसरे चरण का मतदान छब्बीस अप्रैल को होना है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज किशनगंज में पार्टी प्रत्याशी मुजाहिद आलम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजद के कुशासन की याद दिलाते हुये कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देना मतलब जंगलराज को बढ़ावा देना है। श्री कुमार आज पूर्णियां और कटिहार में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कटिहार के आजम नगर में कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव संवेधानिक मूल्यों को बचाने का चुनाव है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आज भागलपुर के कहलगांव में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने के काम में तेजी आ गयी है। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय ने आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर, मुंगेर संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार राजद की कुमारी अनिता ने अपना नामांकन पर्चा भरा। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से मोहम्मद शाहनवाज हसन और रामबदन राय ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इन संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की

जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह मई को होगा।

————————————————————————————

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजीत को पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति के इस फैसले की जानकारी दी। गौरतलब है कि भाजपा ने अपनी पहली सूची में ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद को पटना साहिब सीट से प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा की थी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को पटना साहिब सीट पर मतदान होगा।

————————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज अठारह सौ सत्तावन के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को उनके विजयोत्सव पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस मौके पर पटना के आजादी पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों समेत सामाजिक संगठनों की ओर से भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इधर, बाबू वीर कुंवर सिंह की कर्मस्थली भोजपुर के जगदीशपुर किला में भी विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

————————————————————————————

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर और सेंटर फोर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग – सी डैक ने कृषि, मौसम पूर्वानुमान, फसल पर्यवेक्षण, प्रबंधन और परामर्श के क्षेत्र में सहयोग के लिए आपसी समझौता पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डी आर सिंह और सी–डैक के पटना के प्रमुख आदित्य कुमार सिन्हा ने राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, नालंदा गया, शेखपुरा समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थानों पर उष्ण दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान का

जीरादेई राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।